हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 35 .2 डिग्री
न्यूनतम 23 .1 डिग्री

12 नपा सदन में गूंजा पानी निकासी और सफाई का मुद्दा

12 नशा न करने के लिए शिक्षकों को दिलवाई गई शपथ


## खबर संक्षेप

### मोटरसाइकिल सहित तस्कर गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना के ब्राह्मण माजरा रोड से नशीले कैप्सूल की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी असलम खान को 1664 नशीले कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि 30 जून 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी नशीले कैप्सूल की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के जरिए ही पुलिस ने आरोपी को मोटरसाइकिल समेत काबू किया था। तलाशी लेने पर उससे 1664 नशीले कैप्सूल बरामद किए गए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र के गांव अकबरपुर सरकारी स्कूल के पास से पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में आरोपी सचिन को 15 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-नारायणगढ़ के सब इंस्पेक्टर जरनेल सिह ने बताया कि 30 जून 2025 को पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की बेचने का कार्य करता है। तभी पुलिस ने अकबरपुर गांव के सरकारी स्कूल के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। तलाशी लेने पर पुलिस ने आरोपी से हेरोइन जब्त की थी। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कबूतरबाजी के मामले में काबू, रिमांड पर लिया

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी सुधीर कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। झाड़ू माजरा के मुल्तान सिंह ने 10 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 6 मई 2024 को आरोपी विनोद कुमार व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में झांसा देकर उससे 20 लाख 66 हजार रूपये की एक बड़ी रकम धोखाधडी से हड़प लिए। पैसे मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### दो सगे भाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**यमुनानगर।** गांव ईशोपुर से 13 वर्षीय चेतन व सात वर्षीय दक्ष संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गए। परिजनों ने काफी तलाश करने पर भी जब उनका पता नहीं चला तो इस बारे पुलिस में शिकायत दी। गांव ईशोपुर निवासी कर्मबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर परिवार के सभी सदस्य घर पर सोये हुए थे। इस दौरान उसका 13 वर्षीय लड़का चेतन व सात वर्षीय दक्ष घर के बाहर खेल रहे थे। इस दौरान वह दोनों अचानक ही घर पर बिना बताए कहीं चले गए। इसके बाद घर वापस नहीं लौटे। काफी तलाश करने पर भी जब दोनों बच्चों का कुछ भी पता नहीं चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### इन्फ्लुएंसर का न्यूड वीडियो बनाया

**पानीपत।** पानीपत की प्रसिद्ध फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का साइबर अपराधियों ने एआई और डीपफेक के जरिए न्यूड वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पानीपत जिला के एक गांव की निवासी है और इसके सोशल मीडिया पर तेरह लाख से ज्यादा फॉलोअर्स है। इससे पहले साइबर अपराधियों ने तीन सहेलियों की अश्लील फोटो वीडियो बनाकर कई फेक अकाउंट पर वायरल की थी। वहीं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने इस मामले की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कर दी है। इधर, साइबर थानेदार ने बताया कि इन्फ्लुएंसर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मुख्यमंत्री किसान व खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत कार्यक्रम

# प्रदेश में सभी वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं : राणा

### मुख्यातिथि के रूप में कृषि मंत्री राणा ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

- पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए चेक प्रदान किए

रादौर मार्केट कमेटी द्वारा कस्बा स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में दो पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के लिए चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कार्यक्रम में गांव काबूलपुर के स्व. सुरजीत सिंह की पत्नी करमजीत कौर को पांच लाख रुपये का आर्थिक सहायता के रुप में चेक प्रदान किया गया। स्व. सुरजीत सिंह की खेत में कार्य के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से मृत्यु हो गई थी।

वहीं, कृषि मंत्री ने गुमथला राव के संदीप कुमार को 37 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता के रुप में चेक प्रदान किया गया। बताया गया है कि घास काटने की मशीन में संदीप कुमार के बाएं हाथ की एक उंगली का हिस्सा कट गया था। जिसके लिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा किसानों समेत सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। मौके पर मार्केट कमेटी के सचिव राजीव चोपड़ा ने बताया कि राज्य कृषि विपणन बोर्ड प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों तक पारदर्शिता, संवेदनशलता व प्रभावशीलता के साथ पहुंचाया जा रहा है। सरकार हर जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।


**यमुनानगर।** रादौर में मार्केट कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पीड़ित परिवारों को सहायता राशि के चैक वितरित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

#### जनसमस्याओं का समाधान

**यमुनानगर।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज यमुनानगर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। कृषि मंत्री के समक्ष नागरिकों ने पब्लिक हेल्थ विभाग, बिजली बोर्ड, नगर निगम व अन्य विभागों से सम्बंधित बहुत सी समस्याएं रखीं। श्याम सिंह राणा ने समस्याएं सुनने के बाद कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनकर उनका समाधान होने से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि वे एक ही स्थान पर उनके माध्यम से सम्बंधित अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह वर्तमान राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी है।

# बरसात की आफत, मकान की छत गिरी, बाल-बाल बचा परिवार


**मुलाना।** गिरी हुई छत दिखाता परिवार

- अब धर्मशाला में शरण लेने को मजबूर हुआ पीड़ित परिवार
- बीपीएल कार्डधारक होने पर भी 'पक्की छत योजना' का लाभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुलाना

कई दिनों से हो रही लगातार बरसात अब गरीबों के लिए कहर बनकर टूट रही है। गांव कालपी में एक ऐसा ही हादसा सामने आया। यहां एक गरीब मजदूर रामपाल का कच्चा मकान बारिश के चलते ढह गया।

जब छत ढही तब परिवार के सभी 13 सदस्य घर के अंदर मौजूद थे लेकिन किसी तरह बच निकले। अब पूरा परिवार एक धर्मशाला और दुकान में शरण लिए हुए है। रामपाल मेहनत-मजदूरी कर परिवार पालता है। उसने बताया कि उसके दो बेटे मंदबुद्धि हैं। पूरे परिवार का बोझ उसी के कंधों पर है। वह कई वर्षों से बीपीएल कार्डधारी होते हुए भी 'पक्की छत योजना' का लाभ नहीं ले पाया। अब तो घर की छत ढहने से पूरा परिवार ही बेघर हो गया है। उसने बताया कि सुबह जब वह अपने तीन बेटों, तीन बहुओं, पत्नी और पांच छोटे बच्चों के साथ घर में मौजूद था तभी कच्चे मकान की छत बारिश के पानी के बोझ से ढह गई। लोग किसी तरह जान बचाकर निकले। अब वह गांव की धर्मशाला में शरण लेने को मजबूर है।

#### सिस्टम संवेदनहीन

कालपी के सरपंच रिंकू खुद मानते हैं कि पीड़ित बीपीएल परिवार को अब तक योजना का कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि वह मौके पर गया था। प्रयास किया जाएगा कि योजना के तहत परिवार को पक्की छत देकर उन्हें राहत मिल सके।

# भाकियू 7 को प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करेगी

- डिजिटल कांटे लगाने की उठेगी मांग, बैठक में लिया निर्णय
- मंडीकरण बोर्ड के मुख्य प्रशासक को ज्ञापन सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

हरियाणा की मंडियों में फसल की तुलाई में पारदर्शिता लाने के लिए भाकियू ने 7 जुलाई को हरियाणा राज्य मंडीकरण बोर्ड पंचकूला में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है।

करनाल के अर्जुन नगर स्थित किसान भवन में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रेमचंद शाहपुर ने की और संचालन सुरेंद्र बैनीवाल ने किया। बैठक में रतनमान, महताब कादियान, यशपाल राणा, शाम सिंह मान सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे। रतनमान ने कहा कि मंडियों में स्केल कांटों के स्थान पर डिजिटल कांटे लगाए जाएं ताकि किसानों को तौल में किसी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि पिछली फसली सीजन में मंडियों में भाकियू की टीमों ने तौल में गड़बड़ी पकड़ी थी। इस बार धान खरीद सीजन से पहले यह मांग पूरी की जाए। मान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल भारत की बात करते हैं, फिर भी मंडियों में पुरानी व्यवस्था चल रही है। प्रदर्शन में प्रदेशभर से किसान शामिल होंगे और मंडीकरण बोर्ड के मुख्य प्रशासक को ज्ञापन सौंपा जाएगा।


**करनाल।** किसान भवन में आयोजित बैठक म किसान नेता।


# यमुना में आया तेज पानी, 3 ड्राइवरों का नाव से रेस्क्यू

- रेत खनन के लिए खड़ी भारी भरकम मशीनें पानी में डूबी
- ड्राइवरों की सतर्कता और समय पर सहायता से बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल के ढाकवाला क्षेत्र में सोमवार देर रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब यमुना नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया और रेत खनन के लिए खड़ी भारी भरकम मशीनें पानी में डूब गईं। घटनास्थल पर तीन डंपर और एक जेसीबी मशीन खड़ी थी, जो पूरी तरह पानी में समा गई।

हादसे के समय तीन ड्राइवर डंपरों में ही सो रहे थे। गनीमत रही कि वे समय रहते जाग गए और तेजी से छतों पर चढ़कर अपनी जान बचा ली। यह इलाका यमुना के किनारे पड़ता है और यहां हरियाणा-उत्तर प्रदेश सीमा पर रेत खनन (माइनिंग) का कार्य किया जाता है। रोजाना ड्राइवर रात को ही अपनी गाड़ियां नदी में खड़ी करके सो जाते हैं ताकि सुबह जल्दी नंबर लगाकर रेत भराई शुरू कर सकें। रविवार रात भी ड्राइवर अपनी गाड़ियां यमुना के अंदर खड़ी करके सो रहे थे। लेकिन रात ढाई बजे के आसपास यमुना का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और पानी सीधे खनन साइट तक पहुंच गया। ड्राइवरों को गाड़ियों से निकलने का मौका तक नहीं मिला। जब डंपरों में पानी भरने लगा, तब ड्राइवर हड़बड़ाकर जागे और छतों पर चढ़ गए। उन्होंने तत्काल अपने साथियों को फोन करके सूचना दी। साथी कर्मचारियों ने तुरंत नाव की व्यवस्था की और तीनों ड्राइवरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंचे माइनिंग साइट के सुपरवाइजर लख्मीचंद ने बताया कि आमतौर पर जब पानी छोड़ा जाता है तो हथिनी कुंड बैराज से पहले ही अलर्ट मिल जाता है, लेकिन इस बार ऐसा कोई अलर्ट नहीं मिला।


**करनाल।** ढाकवाला क्षेत्र में यमुना नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आने के कारण डूबी जेसीबी। *फोटो : हरिभूमि*

#### दो घंटे चला ऑपरेशन

प्रशासन और साइट कर्मचारियों की मदद से डूबे डंपर और जेसीबी को बाहर निकालने का ऑपरेशन शुरू किया गया। इसके लिए पॉकलेन मशीनों की मदद ली। पहले पॉकलेन से रेत डालकर रास्ता तैयार किया, फिर एक-एक करके डंपरों और जेसीबी को पानी से बाहर निकाला। यह रेस्क्यू ऑपरेशन करीब दो घंटे तक चला।

### अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बुजुर्ग की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी के मटका चौक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जगाधरी की शांति कॉलोनी निवासी रवि कुमार ने बताया कि उसका पिता 76 वर्षीय रामचंद्र 30 जून को दोपहर दो बजे किसी काम से गया था। जब वह जगाधरी के मटका चौक के पास सड़क पार करने लगा तो तेज गति से आए अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। जिससे उसका पिता सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा।

# निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाया जाएगा

- नीलोखेड़ी में शुरू हुआ चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

नीलोखेड़ी स्थित राज्य पंचायत संसाधन केंद्र में विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा की ओर से पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक जुलाई से शुभारंभ हुआ है।

कार्यक्रम की जिम्मेदारी योजना एवं प्रबंधन विकास विशेषज्ञ डॉ. नीलम छिक्कारा को सौंपी गई है। उद्घाटन अवसर पर सरपंच सुनीता देवी (गदली, फतेहाबाद), सरोज रानी (फतेहपुर, फरीदाबाद), स्टेट मास्टर ट्रेनर सुमन लता, पूनम, नेहा (चरखी दादरी) आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। डॉ. नीलम ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निर्वाचित महिलाओं को पंचायत स्तर पर नेतृत्व और निर्णय क्षमता विकसित करना है।


**नीलोखेड़ी।** राज्य पंचायत संसाधन केंद्र में मौजूद निर्वाचित महिला प्रतिनिधि।

#### राजनीतिक भागीदारी बढ़ी

उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ी है, लेकिन उनकी प्रभावी भागीदारी अभी भी सीमित है। कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें पंचायत राज व्यवस्था, सुशासन, महिला अधिकार और नेतृत्व कौशल सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम में राज्यभर से महिला मास्टर ट्रेनरों को शामिल किया गया है जो महिला जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देंगी।

### बरसाती नाले में डूबने से युवक की मौत

**अंबाला।** चुड़ियाली गांव से गुजर रहे करीब 12 फीट गहरे बरसाती नाले में नहाने के लिए गए 32 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। शव तकरीबन 20 घंटे बाद गोताख़ोरों की मदद से निकाला गया है।

गौरव बरसाती नाले में नहाने के लिए उतरा था। इस दौरान युवक की डूबने से मौत हो गई। जब शव काफी देर तक दिखाई नहीं दिया तो ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। शव 20 घंटे के बाद गोताखोरों की मदद से निकाला गया। साहा पुलिस ने मृतक का शव निकालने के बाद अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। भाई ललित ने बताया कि गौरव मजदूरी करता था। वह दोस्तों के साथ गया था। नाले में बरसाती पानी आया हुआ था इसलिए गौरव नहाने लग गया था अचानक वह डूब गया। पिछले साल भी इस नाले में पहले ही हादसे हो चुके हैं।

### आयुष विवि में सेल्फ हेल्थकेयर स्किल डेवलपमेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम

# कॉलेज छात्राओं को मिली हेल्थ केयर की ट्रेनिंग

- स्वास्थ्य के व्यावहारिक पहलुओं की दी जा रही गहन जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

कॉलेज की पढ़ाई में इतिहास, राजनीति और विज्ञान के साथ अगर जीवनशैली सुधार और हेल्थ केयर की ट्रेनिंग भी मिल जाए तो पढ़ाई असल मायने में सार्थक हो जाती है।

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने इसी सोच को साकार करते हुए एक अनोखी पहल की है। 45 दिवसीय 'सेल्फ हेल्थ केयर स्किल डेवलपमेंट इंटर्नशिप प्रोग्राम', जिसमें विद्यार्थियों को पहली बार स्वास्थ्य के व्यावहारिक पहलुओं की गहराई से जानकारी दी जा रही है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए इस इंटर्नशिप प्रोग्राम के पहले बैच में राजकीय कन्या महाविद्यालय, पलवल (कुरुक्षेत्र) की छात्राएं ऋतुचर्या, योगासन, घरेलू चिकित्सा, आहार-विहार और रोगों की पहचान व रोकथाम जैसे विषयों की प्रतिदिन गहन ट्रेनिंग ले रही हैं। आयुष विवि के विशेषज्ञ उन्हें आयुर्वेदिक जीवन शैली को अपनाकर कैसे स्वयं को और अपने परिवार को रोगों से सुरक्षित रखा जा सकता है यह सिखा रहे हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें ऐसा व्यावहारिक और जीवन उपयोगी ज्ञान मिलेगा जो हर दिन काम आएगा। क्रिया शरीर विभाग की प्रोफेसर वैद्य शुभा कौशल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रत्येक दिन तीन घंटे की क्लास दी जा रही है, जिसमें ऋतु अनुसार आहार-विहार कैसे बदलें, योग और प्राणायाम से शरीर और मन कैसे संतुलित रखें, घरेलू उपचारों से कैसे छोटी बीमारियों को रोका जा सकता है तथा बिना दवा के जीवन शैली में छोटे बदलाव कर कैसे रोगों से बचाव कर सकते हैं।



#### स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखा रहा विवि

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि विद्यार्थी सिर्फ डिग्री धारक न बनें,बल्कि वे जीवन में आत्मनिर्भर,रोग मुक्त और संतुलित जीवन शैली की प्रतीक बनें। आयुष विवि द्वारा शुरू की गई यह पहल मात्र इंटर्नशिप प्रोग्राम नहीं है,बल्कि युवा पीढ़ी को स्वस्थ जीवन जीने की कला सिखाने का प्रयास है। आज जब जीवनशैली जनित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं,तब यह और भी आवश्यक है कि हमारी युवा पीढ़ी न केवल अपने लिए, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी मार्गदर्शक बने। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने पहली बार ऐसा व्यावहारिक कार्यक्रम शुरू किया है,जिससे विद्यार्थी स्वस्थ जीवन जीने की वैज्ञानिक और पारंपरिक दोनों समझ हासिल कर सकेंगी। अगर युवा पीढ़ी खुद स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बन जाएं तो वे अपने परिवार और समाज को भी सही दिशा में प्रेरित कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला मंजूर नहीं तो यूएनओ में जाए एसजीपीसी : झींडा


**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

- एसजीपीसी की हरियाणा में जमीन जायदाद, ट्रस्ट आदि पर हरियाणा कमेटी का अधिकार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि सर्वोच्च अदालत ने एचएसजीएमसी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए मान्यता दी थी।

सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट किया था कि हरियाणा प्रदेश में एसजीपीसी की जितनी भी चल-अचल संपत्ति है, उस पर अब हरियाणा कमेटी का अधिकार होगा। बावजूद इसके शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर संपत्ति व जमीन, जायदाद तथा मीरी पीरी मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सहित अन्य कुछ मसलों पर सहमति नहीं जता रही। उसके प्रधान हरजिंदर सिंह धामी पेशे से वकील है और उन्हें एक्ट तथा सुप्रीम कोर्ट के आर्डर का अध्ययन करना चाहिए। यदि एसजीपीसी को सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वीकार नहीं है, तो फिर वे यूएनओ में जा सकते हैं। उन्होंने एक बार फिर से एसजीपीसी प्रधान को आपसी मसलों को सहमति से सुलझाने के लिए बातचीत का न्यौता दिया।

## खबर संक्षेप



### भाकियू ने की एसके रोड को दुरूस्त करने की मांग, डीसी को ज्ञापन

**रादौर।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर मंगलवार को गांव दामला के पास एसके रोड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के मामले को लेकर उपायुक्त से मिले। उन्होंने प्रशासन से इस मार्ग को दुरूस्त करवाए जाने की मांग की। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क पर गड्ढे भरने का जो कार्य शुरू किया गया, सुभाष गुर्जर ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसका निरीक्षण भी किया। सुभाष गुर्जर ने बताया कि यह रोड सबसे व्यस्त रोड है। लेकिन सरकार का इसकी तरफ कोई भी ध्यान नहीं है। हर रोज यहां से सत्ता पक्ष व विपक्ष के लोग निकलते हैं। एसके रोड सीएम सिटी के क्षेत्र में भी पड़ता है। लेकिन किसी को किसी की जान माल की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने बताया कि बरसात की वजह से यहां इतने भारी गड्ढे हो गए हैं, जिससे गाड़ियां व आम चलने वाले लोगों का भारी नुकसान हो रहा है। हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। साइकिल व मोटरसाइकिल सवार तो यहां से निकल ही नहीं पाते। उन्होंने कहा कि सरकार जल्दी इस रोड को चौड़ा करें और इसको दुरुस्त रखे। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन आंदोलन करने पर मजबूर होगी। जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

### सुबह से दोपहर तक रूक रूककर होती रही बारिश

# मंगलवार को चौथे दिन भी जमकर बरसे बदरा, यमुना में घटता-बढ़ता रहा पानी

**पहाड़ों में कभी तेज तो कभी हल्की बारिश, अधिकतम तापमान 32 तो न्यूनतम 27 डिग्री रहा शाम को सामान्य रहा यमुना का जलस्तर, बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त, दोपहर बाद मिली राहत**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर





यमुनानगर। मंगलवार को हुई बारिश में सड़कों पर भरे पानी के बीच से गुजरते हुए वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि।

जिले में पिछले मंगलवार को चौथे दिन भी बारिश हुई। जिससे जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया और नीचले इलाकों में पहले से भरे पानी में और इजाफा होने से लोग परेशान हो गए। हालांकि मंगलवार को दोपहर के समय बारिश थमने पर लोगों ने राहत की सांस ली। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बारिश होने के बावजूद शाम तक हथनीकुंड बैराज पर यमुना नदी का जलस्तर सामान्य स्तर पर बह रहा था।

#### सड़कों पर गड्ढों में भरा पानी

मंगलवार को चौथे दिन भी सुबह से बारिश शुरु हुई व दोपहर तक जारी रही। इस दौरान जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। बारिश की वजह से जिले में दोपहर तक लोग भीगते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचे। बारिश होने से ट्विन सिटी , बिलासपुर, छछरौली समेत अन्य कस्बों के नीचले इलाकों में बारिश का पानी भरने से दिन भर लोग परेशान रहे।

सबसे ज्यादा परेशानी सड़कों पर चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों व पैदल चल रहे लोगों को हुई। क्योंकि सड़कों पर भरे पानी में से गुजरते हुए भारी वाहनों ने राहगिरों को खूब भिगोया। शादीपुर मार्ग पर सड़क पर बरसात का पानी कई स्थानों पर जमा होने से आवागमन करने में लोगों को परेशानी हुई।

#### यमुना में जलस्तर सामान्य

मंगलवार को भी पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बारिश होने के बावजूद राहत की बात यह रही कि हथनी कुंड बैराज पर शाम तक यमुना नदी का जलस्तर 10 हजार 817 क्यूसिक था। जो सामान्य स्तर से भी कम है। हालांकि मंगलवार सुबह यमुना नदी का जलस्तर करीब 25 हजार क्यूसिक पर पहुंच गया था। मगर शाम होते होते जलस्तर कम हो गया। सिंचाई विभाग के सूत्रों का कहना है कि अभी यमुना नदी में जलस्तर सामान्य से भी कम बह रहा है। यदि पहाड़ी इलाकों में जोरदार बारिश हुई तो हथनी कुंड बैराज में जलस्तर बढ़ सकता है।

#### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को हुई बारिश से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा। सोमवार की बजाय मंगलवार को जिले का अधिकतम 3 और न्यूनतम 2 डिग्री तापमान बढ़ा।

### ग्रैब मशीन से कम समय में होगी सीवरेज के मेनहॉलों की सफाई: नायक

**रादौर।** जलापूर्ति विभाग कस्बा में सीवरेज के मेन हॉलों की सफाई के लिए ग्रैब मशीन का शुभरांभ किया गया। विभाग द्वारा सीवरेज के मेन हॉलों में सफाई करने के लिए सात लाख रुपये की लागत से ग्रैब मशीन मंगवाई गई है। मशीन का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने रिबन काटकर किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने किया। एसडीओ रवि नायक ने बताया कि अब शहर में मेन हॉल में गंदगी होने पर इस मशीन से ठीक प्रकार से सफाई की जा सकेगी। पहले मशीन न होने के कारण कर्मचारियों द्वारा मेन हॉल से गंदगी निकालने का काम किया जाता था। लेकिन अब मशीन आने से मेन हॉल की सफाई का काम ठीक प्रकार से कम समय में हो सकेगा। इससे पहले विभाग की ओर से शहर में सीवरेज लाइनो की सफाई करने के लिए जेटिंग मशीन मंगवाई गई थी।



जिससे मेन हॉल में फैली गंदगी को साफ करने का काम किया जा रहा है। अब शहर में सीवरेज के मेन हॉल व पाइप लाइन की सफाई करने के लिए दो अलग अलग मशीनें प्राप्त हो गई हैं। जिससे रादौर में सीवरेज व्यवस्था सही होगी। इस मौके पर नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, पार्षद राजीव आर्य, अशोक गुंबर, पार्षद श्रीकांत मोंटी व जेई पवन कुमार मौजूद रहे।



यमुनानगर। जोगिंद्र नगर में नालों पर किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी मशीन से हटवाते हुए निगम की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि।

### पानी निकासी के नालों पर किए गए अवैध कब्जों पर चला नगर निगम का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

ट्विन सिटी में बारिश से होने वाले जलभराव को रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन ने नालों पर किए गए अवैध निर्माण को ढहाना शुरु कर दिया है। इस अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने सीएसआई अनिल नैन के नेतृत्व में वार्ड नंबर 16 के जोगिंदर नगर में लोगों द्वारा नाले पर अवैध स्लैब बनाकर किए कब्जों पर पीला पंजा चलाकर हटा दिया। इन अवैध कब्जों के कारण नालों से पानी निकासी में रुकावट हो रहा था। इससे जोगिंद्रनगर की गलियों में जलभराव की समस्या बन गई थी।

सीएसआई अनिल नैन ने बताया कि जोगिंद्रनगर के कुछ लोगों ने शिकायत की थी कि नाले पर कुछ लोगों द्वारा अपनी सुविधा के लिए स्लैब व रैंप बनाए हुए हैं। जिससे बारिश में नालों से सही तरीके से पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और बारिश होने पर जलभराव की समस्या आ रही है। जिस पर वह निगमायुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर निगम कर्मचारियं की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे हटाए गए।

नाले पर जो भी स्लैब व रैंप बने हुए थे। उन्हें हटाया गया। नगर निगम क्षेत्र में नाले पर जहां भी अवैध कब्जे हैं लोग उन्हें स्वयं हटा दें। उनकी जरा सी सुविधा के लिए हजारों लोग जलभराव से परेशान होते हैं। सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि जिन स्थानों पर अभी अवैध कब्जे किए गए हैं उन्हें भी जल्द हटाया जाएगा। नालों पर जहां भी अवैध कब्जे हैं सभी को ध्वस्त किया जाएगा। निगम की जगह पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

#### अवैध कब्जा करने वालों पर होगी कार्रवाई

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने आमजन से नालों पर अवैध कब्जा नहीं करने के लिए आहवान किया है। उन्होंने कहा कि नालों पर अवैध कब्जा होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। यदि किसी ने नालों पर कब्जे किए हैं तो वे स्वयं इन्हें हटा लें। अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## झगड़ रहे बच्चों को रोकने गए व्यक्ति पर तीन भाइयों ने किया ईंटों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



- पुलिस ने तीनों आरोपी भाईयों के खिलाफ किया केस दर्ज

जगाधरी की श्रीनगर कॉलोनी में देर शाम गली में झगड़ा कर रहे बच्चों को समझाने गए व्यक्ति पर तीन भाईयों ने र्इंटों से हमला कर दिया। सिर व मुंह पर ईंटे लगने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

श्रीनगर कॉलोनी निवासी तजिंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे गली में बच्चे खेल रहे थे। जिनमें उसकी नातिन भी शामिल थी। कुछ देर बार बच्चों में किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गई। जिसके बाद बच्चे आपस में झगड़ा करने लगे। वह उन्हें समझाने के लिए उनके पास गया। तभी दूसरे बच्चों के परिवार से आशीष, सन्नी व मन्नी जो कि आपस में भाई हैं घर से बाहर आए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। एक ने उसके हाथ पकड़े, दूसरे ने पैर तथा तीसरे ने उसके सिर व मुंह पर र्इंटों से वार करना शुरू कर दिया। उसके सिर व मुंह पर र्इंट लगने से वह लहूलुहान होकर नीचे गिर गया। शोर सुनकर जब उसके परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया।

## कहासुनी होने पर परिवार के तीन लोगों को पीटकर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ किया केस दर्ज।

शहर की थापर कॉलोनी में कहासुनी होने पर मां-बेटे ने दंपत्ति समेत परिवार के तीन लोगों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मां-बेटे के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कुरूक्षेत्र के लाडवा के गांव छापरा निवासी विनित ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी पत्नी शिफाली व मां संगीता के साथ यमुनानगर की थापर कॉलोनी में आया था। इस दौरान शाम को उसकी अनुज भल्ला व उसकी मां अनिता भल्ला के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह तीनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें आरोपियों से छुडवाया।

उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## गोदाम से सीमेंट चोरी करके ले जा रहे टैंपो को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



जगाधरी अनाज मंडी स्थित गोदाम से बीती रात सीमेंट चोरी करके ले जा रहे टैंपो को पुलिस ने जिला सचिवालय के सामने काबू कर लिया। मौके से टैंपो चालक समेत चार लोग फरार हो गए। गोदाम मालिक ने बताया कि उसके गोदाम से करीब 250 बैग सीमेंट के चोरी हो चुके हैं। चोरों को पकड़ने के लिए उसने खुद निगरानी शुरू की थी। पुलिस ने टैंपो को कब्जे में लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गोदाम के मालिक मोहित जैन ने बताया कि उसका जगाधरी अनाज मंडी में सीमेंट का गोदाम है। पिछले 15 दिनों से उसके गोदाम से सीमेंट के बैग चोरी हो रहे थे। शक होने पर उसने अपने आस पड़ोस के लोगों को बताया और स्वयं भी रात को निगरानी करने लगा। बीती रात उसे गोदाम के बाहर एक टैंपो खड़ा होने की सूचना मिली। उसने डॉयल 112 को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने टैंपो का पीछा करना शुरू कर दिया। सचिवालय के सामने पुलिस को आता देखकर मौके से टैंपो चालक व तीन अन्य व्यक्ति फरार हो गए। पुलिस ने टैंपो को कब्जे में लेकर उसकी जांच की तो उसमे से 25 सीमेंट के बैग बरामद हुए। गोदाम से अभी तक करीब 250 सीमेंट के बैग चोरी हो चुके हैं। जिनकी कीमत करीब एक लाख रुपये है।

## विद्यार्थी स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली: घनश्याम शर्मा



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में मंगलवार को डाक्टर्स डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब व इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र एवं दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन घनश्याम शर्मा ने किया। शिविर में डॉ. आर मसीह, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. रण विजय राणा, डॉ. भावना, डीएवी डेंटल कॉलेज के चिकित्सक इंदु कपूर, डॉ. चेतन, डॉ. नम्रता गोयल, डॉ. दीपिका व डॉ. सुनीला सोनी ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, दंत व आंखो की जांच की। चिकित्सकों ने सबसे पहले बच्चों की आंखों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया। इसके बाद सैंकड़ो बच्चों के दांतो और स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। मौके पर कुछ विद्यार्थियों का सीबीसी टेस्ट भी किया गया। जिससे उनके रक्त संबंधी स्वास्थ्य का विस्तृत विश्लेषण हो सका। चेयरमैन घनश्याम सिंह शर्मा कहा कि हमारा यह दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का समन्वय होना चाहिए। प्राचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है।

## शिक्षक एक्टिविटीज करके क्लास रूम को बनाएं मनोरंजक: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



होली मदर पब्लिक स्कूल यमुनानगर में मंगलवार को आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर इन हाउस टीचर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में कला शिक्षा विशेषज्ञ साहिल सचदेवा ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रधानाचार्या मोनिका ने की।

साहिल सचदेवा ने बताया कि अलग-अलग विषय जैसे गणित, साइंस व सोशल साइंस आदि को आर्ट एक्टिविटीज के साथ जोड़कर कैसे पढ़ाया जा सकता है। अध्यापकों से मौके पर पोस्टर मेकिंग, रोल प्ले, स्टोरी टेलिंग व ड्राइंग आदि कई क्रिएटिव टेक्निक्स और एक्टिविटीज भी करवाईं गई। ताकि क्लास रुम को और भी लाइवली और मनोरंजक बनाया जा सके। शिक्षक पढ़ाई के साथ विभिन्न एक्टिविटीज करके क्लास रूम को लाइवली और मनोरंजक बना सकते हैं।

प्राचार्या मोनिका ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य शिक्षण को और अधिक रचनात्मक, रोचक और विद्यार्थी केंद्रित बनाना रहा। स्कूल चेयरमैन जीएस शर्मा ने बताया कि आर्ट इंटीग्रेशन सिर्फ कला नहीं है। जो नई एजुकेशन पॉलिसी के अनुरूप हैं और बच्चों के ओवरऑल ग्रोथ के लिए लाभकारी हैं।

## गढी व शाहपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांचा 112 मरीजों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



नवीन जिंदल फाउंडेशन के तत्वावधान में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा गांव गढ़ी व शाहपुर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा 112 मरीजों को परामर्श व जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। वहीं लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए।

सांसद नवीन जिंदल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि शिविर में मोबाइल मेडिकल युनिट में तैनात एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान जांच में बीमारियों से पीड़ति पाए गए मरीजों को मुफ्त में दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने बताया कि मौके पर लोगों को बीमारियों से बाचव को लेकर परामर्श भी दिया गया। इस दौरान कई मरीजों के रक्त और यूरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा लोकसभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र में स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को निःशुल्क दवाइयां, परामर्श व खान पान से संबंधित स्वास्थ्यवर्धक आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



यमुनानगर। अभियान मके दौरान कार्यक्रम में लोगों को जागरूक करते सदस्य।

### शिक्षित बेटियां बनेंगी रियल चेंजमेकर : तरविंदर कौर

**यमुनानगर।** महिला एवं बाल विकास ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत एक अनूठा प्रयोग किया जिसमें सुबह सवेरे पार्कों में सैर कर रहे जनमानस को बेटियों के प्रति जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास द्वारा पार्कों में बेटियों को पढ़ाए जाने और उनके अधिकारों को लेकर लगाए गए पोस्टरों और बैनरों ने सैर कर रहे लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया।

उन्होंने तरविंदर कौर ने बताया की विभाग की ओर से एक प्रयास किया गया है जिसमें सुबह सवेरे सैर करने वाले जनमानस को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जोड़ने के लिए अभियान चलाया गया। जनमानस से बेटियों की स्थिति की चर्चा की गई। बेटियों को पढ़ाना, लिखाना व उन्हें बेहतर जीवन के लिए कामयाब बनाना किसी निवेश से कम नहीं है। बेटियों की पढ़ाई, उनका अच्छा स्वास्थ्य और उनकी सामाजिक सुरक्षा हमारे देश की सबसे अच्छी निवेश योजना जैसा है, जिसमें एक बार आपने अच्छा निवेश कर दिया तो फिर आपको आजीवन सामाजिक सुरक्षा जैसा अहसास मिलता रहेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजरों और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने जनसमान्य से बेटियों को लेकर चर्चा की और उनको विभाग की ओर से किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मौके पर जनसामान्य के साथ शपथ, पौधारोपण जैसी गतिविधियां भी की गई।

### डीसी ने अधिकारियों के साथ गांव जटहेड़ी में लगाया जनता दरबार

# रात्रि ठहराव में आईं 64 शिकायतें, अधिकतर का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर





यमुनानगर। गांव जटहेड़ी में आयोजित जनता दरबार वं रात्रि ठहराव में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त व कार्यक्रम में समस्याएं बताते हुए आमजन।

खंड छछरौली के गांव जटहेड़ी में जनता दरबार एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में 64 समस्याएं रखी गई। जिनमें से अधिकांश समस्याओं को उपायुक्त ने मौके पर समाधान कर दिया और शेष को संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। मौके पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर कार्यक्रम में शौर्य राणा का जन्मदिन मनाया गया और भूतपूर्व सैनिक सुबेदार राजपाल को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जनता दरबार एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य आमजन की समस्याओं को घरद्वार पहुंचकर समाधान करना है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों की समस्याओ का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है।

#### जनता दरबार एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम में आई समस्याएं

जनता दरबार एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव जटहेड़ी निवासी सिंदर कौर ने दयालु योजना के तहत राशि न मिलने, राज कुमार ने फैमिली आईडी में इनकम ठीक करने, किरण देवी ने जोहड़ के पानी की निकासी, बलकार सिंह ने प्लाईवुड फैक्ट्री का केमिकल युक्त पानी का समाधान, मोहित ने तिपहिया वाहन दिलवाने, बलबीरी ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने, सोमा देवी ने परिवार पहचान पत्र में उम्र ठीक करने, रामपाल ने बुढ़ापा पेंशन लगवाने, कमलेश ने आधार कार्ड में जन्मतिथि ठीक करने, त्रिलोचन व सोनिया ने मकान की मरम्मत, बलबीरी ने विकलांग पेंशन, मदन राणा ने बिजली का खम्बा बदलने, धर्मवीर सिंह ने बैटरी वाली व्हीलचेयर दिलवाने बारे तथा गांव संखेड़ा निवासी निर्मला देवी ने फैमिली आईडी से नाम कटवाने बारे समस्या रखी। वहीं, याकूबपुर निवासी अमर सिंह ने फैमिली आईडी में इनकम ठीक कराने, फेरूवाला निवासी सुरेश रानी ने पीएमएवाई के तहत तीसरी किश्त दिलवाने, विमला ने मकान मरम्मत की किस्त, बसातियांवाला निवासी तेजीन्द्र सिंह ने घरों में आ रहे बरसाती पानी का हल करने, खानपुरा निवासी कशिश ने पति के द्वारा परेशान करने, छछरौली निवासी सुमन देवी ने अटल किसान मजदूर कैंटिन की जांच करने, बसातियांवाला निवासी रोहित ने पंचायती भूमि की बोली करने सहित अनेकों शिकायतें उपायुक्त पार्थ गुप्ता के समक्ष रखी। जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बाकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों आदेश दिए। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, सीईओ जिला परिषद वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश पीयूष गुप्ता, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, डीएसपी राजेंद्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डीएफओ सुखपाल कौर, रेडक्रॉस सचिव रणदीप सिंह व छछरौली की तहसीलदार सुदेश मेहरा आदि समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## बाल भवन में समर कैंप का समापन

**कुरुक्षेत्र।** जिला बाल कल्याण अधिकारी कुरुक्षेत्र गौरव रोहिल्ला ने कहा कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के आदेशानुसार जून माह में चल रहे समर कैंप समापन किया गया। ये समर कैंप का आयोजन बाल भवन कुरुक्षेत्र व लाडवा में किया गया। इस समर कैंप में बच्चों के लिए नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट व मेहंदी की कक्षाएं लगाई गई। यह कक्षाएं 3 जून से लेकर 30 जून तक लगाई गई, इसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## रेल किराए में बढ़ोतरी का किया विरोध

**थानेसर।** एसयूआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड राजकुमार सारसा ने कहा कि एसयूआई रेलवे यात्री किराए में की गई अत्यंत अन्यायपूर्ण बढ़ोतरी का तीव्र विरोध करती हैं, जिसे संसद को दरकिनार कर एक प्रशासनिक आदेश द्वारा लागू किया गया है। यह तब हो रहा है जब रेलवे सुरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं, समयबद्धता, कोचों की स्थिति, साधारण यात्री ट्रेनों को चालाकी से एक्सप्रेस ट्रेनों के रूप में पुनः ब्रांडिंग कर टिकट दरें बढ़ाना, सामान्य डिब्बों की क्रमिक कटौती, कोचों का रख-रखाव, शौचालयों की सफाई और यात्रा के दौरान जल की उपलब्धता जैसे बुनियादी पहलुओं के साथ गंभीर समझौता किया जा रहा है।

## शिविर में 77 लोगों ने लिया सुविधाओं का लाभ

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए नवीन संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज बाबैन ब्लॉक के गांव सुनारियां और धनानी में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। इन नवीन संकल्प शिविरों में मोबाइल मेडिकल युनिटों में, एमबीबीएस डॉक्टरों द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है।

### उपायुक्त ने गांव सुनहेड़ी में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# पंचायती जमीन से हटवाए जाएं अवैध कब्जे : नेहा सिंह

- ओवरफ्लो गंदे पानी के सदुपयोग के लिए सिंचाई विभाग और पंचायत विभाग तैयार करे योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव की पंचायती जमीन पर जो भी नाजायज कब्जा है, उसे हटवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सुनहेडी खालसा सरपंच, ग्राम सचिव, पटवारी मिलकर पहले कब्जाधारी को नोटिस दें, यदि इसके बाद भी वो स्वयं कब्जा ने छोड़ तो पंचायत कब्जे हटवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो रात्रि ठहराव में आने वाली सभी शिकायतों पर एक सप्ताह में एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजें, ताकि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह सोमवार देर रात गांव सुनहेडी खासला में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुन रही थीं। रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीण रामपाल ने पंचायती जमीन पर कब्जे हटवाने की शिकायत दी। इस मामले में उपायुक्त ने सख्ती दिखाते हुए पंचायत को पंचायती जमीन पर हुए सभी प्रकार के कब्जों को हटवाने की हिदायतें दी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि गांव में साफ-सफाई की हर तीसरा ग्रामीण शिकायत कर रहा है। सफाई को लेकर पंचायत, ग्राम सचिव, बीडीपीओ तक की जिम्मेदारी बनती है, कोई भी इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा गलत है। एक सप्ताह के अंदर पूरे गांव की सफाई करवानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गांव में सफाई ना होने से मलेरिया, डेंगू, बुखार जैसी बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ेगी। इससे ग्रामीणों का नुकसान होगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने सिंचाई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि गांव में कोई भी परिवार पीने के पानी से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपायुक्त को ग्रामीण अशोक कुमार, पाला राम ने पीने का पानी ना मिलने की शिकायत दी थी। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने सतपाल की शिकायत पर चोरी के मामले में स्पेशल जांच करवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीण सतपाल ने शिकायत में कहा कि उसके घर में फरवरी 2024 में चोरी हुई थी। जिसका आज तक पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है।




### मांग - बुजुर्गों को गांव में मिले बुढ़ापा पेंशन

ग्रामीण प्रदीप ने प्रशासन से गुहार लगाई कि गांव के बुजुर्गों को गांव में ही बुढ़ापा पेंशन मिलनी चाहिए। उन्हें पेंशन निकलवाने के लिए गांव से बाहर दूसरी जगह जाना पड़ता है। इसके लिए उन्हें आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। गांव से शहर जाने वाले सड़क दोनों तरफ से खराब है। गांव के जोहड़ का सौंदर्यीकरण किया जाए। साथ ही गांव की बिजली सप्लाई को किरमच फीडर की बजाए दूसरे फीडर से जोड़ा जाए। गांव में बने पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सक की नियुक्त की जाए।

### सुनहेड़ी खालसा में चलेगी रोडवेज की बस

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई करके आगे बढ़ने में यातायात सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। विद्यार्थियों को सुबह शिक्षण संस्थान में जाने और शाम को वापस गांव में आने के लिए रोडवेज बस सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। साथ ही गांव में ही नौकरियों की तैयारियों के लिए ई-लाइब्रेरी खोली जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने आईटीआई की छात्राओं की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सुनहेडी खालसा से बस का संचालन करने के निर्देश दिए। रोडवेज महाप्रबंधक शेर सिंह ने गांव में बस का सुबह व दोपहर को एक-एक चक्कर लगाने का आश्वासन दिया। इसके लिए समय गांव के सरपंच द्वारा निर्धारित करके भेजा जाए। वहीं छात्राओं की दूसरी शिकायत पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने निर्देश दिए कि गांव में शराब के ठेकों के पास बैठने वाले मनचलों के खिलाफ सख्ती की जाए।

उपायुक्त नेहा सिंह ने सुजाता की शिकायत पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वो स्कूल में 600 वर्ग मीटर जगह ई-लाइब्रेरी के लिए उपलब्ध करवाएं ताकि पंचायती राज विभाग द्वारा गांव में युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी को तैयार किया जा सके। उन्होंने बिजली विभाग को अनिल कुमार के नाम उसके पिता का बिजली मीटर ट्रांसफर करने के निर्देश दिए। साथ ही आवेदक को ब्याज माफी योजना का लाभ भी दिया जाए। उपायुक्त नेहा सिंह ने परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायतों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि जिस भी ग्रामीण की परिवार पहचान पत्र से संबंधित शिकायत का यहां पर समाधान ना हो, वो कार्यालय में आकर शिकायत दे सकता है। उनकी शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए समाधान करवाया जाएगा।

### ओवरफ्लो पानी को किया जाए यूटिलाइज

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सुनहेडी खालसा गांव में ओवरफ्लो पानी की निकासी को लेकर पंचायत विभाग और सिंचाई विभाग पानी को यूटिलाइज करने की अपनी योजना तैयार करे। इसके लिए बीडीपीओ एक सप्ताह के अंदर सिंचाई विभाग के साथ मिलकर योजना तैयार करे। ताकि गांव से गंदे पानी की निकासी का समाधान हो, ओवरफ्लो को दूर किया जा सके और उस पानी का सद्धुपयोग किया जा सके। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, सरपंच सोनिया देवी, एसडीएम अमन कुमार, नगराधीश डा. रमन गुप्ता, जिला परिषद सीईओ शंभू राठी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक सहित अन्य अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

## बारिश से जगह-जगह जलभराव लोगों को झेलनी पड़ी परेशानी



**कुरुक्षेत्र।** बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

- उपायुक्त नेहा सिंह ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर किया गांव और शहर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मंगलवार को सुबह झमाझम बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। ऐसे में राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। शहर की निचली कॉलोनियों सहित सेक्टर में अनेक स्थानों पर जलभराव की समस्या रही। जलभराव के चलते कीचड़ व गंदगी सड़कों पर बहने लगी। बारिश से जितनी राहत मिली, उससे कहीं अधिक आफत से भी शहरवासियों को जूझना पड़ रहा है। शहर के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए।

### *नालों की सफाई के दिए निर्देश*

*मंगलवार को उपायुक्त नेहा सिंह ने बरसाती पानी की निकासी को लेकर गांवों और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नालों और रजवाहों की स्थिति को देखकर अधिकारियों को तुरंत सफाई करवाने के दिशा-निर्देश दिए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने मंगलवार को दोपहर बाद अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13, पिपली, गांव खानपुर कोलिया, मसाना, धंतौड़ी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि फतेहगढ़ झरौली की मुख्य सडक की हालत बरसाती पानी के कारण खस्ता हो गई है, सडक को तुरंत दुरूस्त करने का कार्य शुरू किया जाए।*

## ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

- विद्यार्थी सुबह से ही स्कूल जाने के लिए काफी उत्साहित नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक माह बाद पुनः सरकारी व निजी स्कूलों में रौनक लौट आई। मंगलवार को विद्यार्थी सुबह से ही स्कूल जाने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। कई स्थानों पर स्कूल जाने की उत्सुकता में सुबह विद्यार्थियों को बैग हाथ में पकड़े स्कूल बसों का इंतजार करते दिखाई दिए। गर्मी की छुट्टियों में मौज मस्ती व होमवर्क करने के बाद स्कूलों में जाने के लिए छात्र, छात्राओं के चेहरे पर अलग चमक देखने को मिली। सरकारी स्कूलों में भी जाने के लिए बच्चों को पैदल जाते हुए देखा गया। करीब एक माह बाद स्कूलों में घंटी बजने की आवाज सुनाई दी। हालांकि स्कूलों में पहले दिन बच्चों की संख्या आम दिनों से कम रही, लेकिन पढ़ाई पर इसका कोई खास असर देखने को नहीं मिला। दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूलों के बाहर बच्चों को लेने के लिए अभिभावकों की भीड़ भी देखने को मिली। विद्यार्थियों के आने के बाद पहले दिन से ही स्कूलों में पढ़ाई का सिलसिला शुरू हो गया।



**कुरुक्षेत्र।** छुट्टी के बाद स्कूल से बाहर निकलते बच्चे।

### *अपने सहपाठियों से मिले विद्यार्थी*

*कुछ विद्यार्थी स्कूल खुलने का इंतजार कर रहे थे। उसकी खुशी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैसे ही स्कूल के मुख्य गेट पर पहुंचे तो भागकर अपनी कक्षाओं तक पहुंचे और अपने मित्रों से मिले। इसके अलावा छोटे बच्चे स्कूल न जाने की जिद भी कर रहे थे। ऐसे में उनके अभिभावक छोटे बच्चों को स्कूल तक लेकर आए ताकि वह स्कूल जा सके। एक महीने के अवकाश के बाद जैसे ही विद्यार्थी कक्षा में पहुंचे तो पढ़ाई से ज्यादा वो ये पूछ रहे थे कि छुट्टी के दौरान कहां घूमने के लिए गए थे। किसी विद्यार्थी ने कहा मामा तो किसी ने बुआ के पास जाने की बात कही।*

## मांगों को लेकर जन संघर्ष मंच हरियाणा का प्रदर्शन

- लघु सचिवालय के समक्ष जताया रोष, सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जन संघर्ष मंच हरियाणा की जिला कुरुक्षेत्र इकाई ने लघु सचिवालय समक्ष प्रदर्शन कर उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। मंच की नेता ऊषा कुमारी ने रोष भरे शब्दों में बताया कि बारिश के चलते घर की छत गिरने से शाहाबाद के गांव में एक महिला की दर्दनाक मौत व उसका पति बुरी तरह घायल हो गया। थानेसर शहर की वाल्मीकि बस्ती शास्त्री मार्केट का एक परिवार मकान की छत गिर जाने से घायल हो गया। नई सब्जी मंडी स्थित झुग्गी-बस्तियों में पानी भर जाने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया। शहर के बाजारों में गड्ढे होने से भरा पानी व खुले पड़े मेन होल आदि समस्याओं से जनता त्राहि त्राहि कर रही है लेकिन भाजपा सरकार अपने महिमामण्डन में लगी हुई है। उन्होंने सरकार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इन जन समस्याओं पर तुरंत ध्यान देने की मांग की। जन संघर्ष मंच हरियाणा की वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा व महासचिव सुदेश कुमारी ने कहा कि बेरोजगारी व मंहगाई के चलते, निर्माण सामग्री महंगी होने के कारण लोग अपने घरों की मुरम्मत नहीं करवा सकते, शहर में विकास कार्य के नाम पर हजारों करोड रुपए खर्च बताया जाता है। प्रदर्शन में मंच की महामंत्री सुदेश कुमारी,वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा,ऊषा कुमारी, सतीश, हर्ष, मीनाक्षी, रूबी, सुनील सहित अल्या मौजूद रहे।




**कुरुक्षेत्र।** नारेबाजी करते जनसंघर्ष मंच के कार्यकर्ता।




**लाडवा।** अन्नपूर्णा दिवस पर भंडारा वितरित करते तीनों संस्था के सदस्य।

## रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में लगाया भंडारा

**लाडवा।** लाडवा शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब ने रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया। प्रोजेक्ट चेयरमेन विनोद गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक किसी भी प्रधान का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक एक साल के लिए होता है जिसके तहत नया रोटरी सत्र, रोटरी अन्नपूर्णा दिवस के रूप में मनाया जाता है। रोटरी, रोट्रैक्ट व इनरव्हील क्लब लाडवा की तरफ से भी इसके अंतर्गत बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में रोटरी अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया जिसमें उनके द्वारा वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन कराया गया व वृद्धाश्रम के बाहर भंडारा लगाया गया। बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने तीनो क्लबों के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए वृद्धाश्रम में किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। वृद्धाश्रम के आचार्य द्वारा तीनो क्लबों के प्रधानों से रोटरी नव सत्र प्रारम्भ होने पर पूजन कराया गया और क्लब के सदस्यों द्वारा बुजुर्गों को भोजन कराने के साथ साथ बुजुर्गों से उनकी जरूरतें पूछ कर उन्हें पूरी करने का आश्वासन दिया गया और साथ ही उनसे काफी तरह के विचार साँझा किये।

## राज्यपाल देवव्रत ने वर्चुअली किया नवनिर्मित गोशाला का उद्घाटन

- गुरुकुल के कृषि फार्म पर प्राकृतिक खेती के साथ होगा गो–नस्ल सुधार एवं संवर्धन का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गुरुकुल कुरुक्षेत्र युवाओं के भविष्य निर्माण के साथ-साथ सशक्त राष्ट्र और जागरूक समाज के निर्माण की दिशा में भी महनीय कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में गुरुकुल के कैंथला स्थित प्राकृतिक कृषि फार्म पर ह्यलाला ज्योति प्रसाद गोशाला, नस्ल सुधार एवं अनुसंधान केन्द्रह्न का गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने वर्चुअली उद्घाटन किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती दर्शना देवी, ओएसडी टू गवर्नर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, गुरुकुल नीलोखेड़ी के निदेशक जगदीश आर्य, गुरुकुल ज्योतिसर के निदेशक शिवकुमार आर्य, आर्यकुलम् के निदेशक महिन्द्र आर्य, एनआईटी से वैज्ञानिक अधिकारी श्री योगवीर सिंह लाम्बा, डीएवी पब्लिक स्कूल की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मनीषा लाम्बा, गौरव आर्य, चमनवाटिका कन्या गुरुकुल से श्रीमती कविता चैधरी, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे। समारोह में आभासी रूप से जुड़े राज्यपाल ने कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र गो नस्ल सुधार की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहा है, यहां पर विदेशी नस्ल की गाय जहां 53 लीटर दूध प्रतिदिन देती है वहीं देशी नस्ल की गायों का भी 22 लीटर प्रतिदिन दूध रिकार्ड किया गया है। राज्यपालश्री ने कहा कि आज देशी नस्ल की गाय की उपयोगिता को लोग भूल गये हैं मगर प्राकृतिक खेती में देशी गाय के गोबर-गोमूत्र से किसान जहां गुणवत्तापूर्ण अन्न, फल, सब्जियों पैदा कर आर्थिक रूप से समृद्ध होगा वहीं गोमाता की दशा भी सुधरेगी।




## स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत विद्यार्थियों को किया जागरुक

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड़ श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नगर परिषद थानेसर द्वारा स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि नगरपरिषद थानेसर के अधिकारियों की एक टीम ने बच्चों के सम्मुख स्वच्छता के महत्व बारे एक जागरूकता कार्यक्रम किया। टीम के प्रभारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा निर्देशित इस अभियान को एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को बताते हुए कहा कि अगर बीमारियों से बचना है तो हमें अपने घर,आस-पास, गली मोहल्ला, सार्वजनिक शौचालय, स्कूल व सभी उठने बैठने के स्थानों को साफ सुथरा,गंदगी रहित व सुंदर रखना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि आप बच्चों की बात सभी मानते हैं। अतः आप इस जागरूकता अभियान को अपने अभिभावकों व इर्द गिर्द सभी लोगों को पहुंचाएं। टीम के अन्य अधिकारी वीरेंद्र भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षा व ह्यूमिडिटी के इस मौसम में डेंगूं ,मलेरिया, दस्त,उल्टी, हैजा व स्किन इन्फेक्शन आदि कई बीमारीयां फैल जाती हैं। इनके बचाव के लिए वातावरण व स्थान के अतिरिक्त स्वयं को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। खाना खाने से पहले व बाद में अच्छे से हाथ धोएं। इस अवसर पर राजन छाबड़ा,दरोगा नीरज व राजेन्द्र स्नेही पर आधारित टीम के सदस्य गण के अतिरिक्त उप प्राचार्य मंजुला शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान शुरू : मनीषा

**पिहोवा।** प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. मनीषा सिंह की अध्यक्षता में एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के बारे मे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मंगलवार 1 जुलाई से एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत हो गई। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से एनीमिया यानी खून की कमी से पीड़ित लोगों की पहचान कर उन्हें आयरन की गोलियां वितरित की जाएंगी। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एनीमिया की रोकथाम, समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करना है। इस कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियों में जांच, उपचार, संवाद, पुनः खोज और लक्षित हस्तक्षेप (टारगेट) पर केंद्रित होंगी। इस दौरान जिनमें 11 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन पाया जाएगा, उन्हें खून बढ़ाने की गोलियां दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में बच्चों की भी जांच की जाएगी और जरूरत होने पर उन्हें दवा दी जाएगी।

**कार्यक्रम** श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के अंतर्गत डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

# विद्यार्थियों में चिकित्सा समुदाय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को पैदा करना उद्देश्य

प्रिंसिपल रेणु राघव ने विद्यार्थियों को चिकित्सा जगत के बारे में विस्तार से दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के अंतर्गत गतिमान डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल निवारसी में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर देश की निस्वार्थ सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले चिकित्सकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। स्कूल के विद्यार्थियों को बताया गया कि मरीजों की निस्वार्थ सेवा व हर जीवन की रक्षा के लिए दिन रात जुटे चिकित्सकों को यह दिन समर्पित है। चिकित्सकों की इसी भावना से प्रभावित होकर डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आभार व्यक्त करने के लिए वर्मा हॉस्पिटल और डा. हर भगवान मेमोरियल हॉस्पिटल का दौरा किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने चिकित्सक समुदाय के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े प्रेम व सम्मान के साथ मानवता की सेवा में चिकित्सकों के अथक प्रयासों और समर्पण को स्वीकार किया। चिकित्सकों ने भी माना कि यह आयोजन स्कूल प्रशासन की सहानुभूति और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शार्ता है। स्कूल प्रिंसिपल रेणु राघव ने विद्यार्थियों को चिकित्सा जगत के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए समाज में चिकित्सकों के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में चिकित्सा समुदाय के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना पैदा करना है। श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला के विभिन्न चिकित्सकों ने भी माना कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाकर डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा का सम्मान किया और कृतज्ञता व मानवता के महत्व को मजबूत किया है।



**कुरुक्षेत्र।** चिकित्सक से मिलते हुए डीएसबी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।



## प्रत्येक बालक की एक स्वाभाविक प्रतिभा होती : साध्वी सत्याभारती

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 7सी में एक दिवसीय संस्कार शाला दमन का आयोजन किया गया। मंथन संपूर्ण विकास केंद्र संस्थान की ओर से चलाया गया ऐसा क्रांतिकारी प्रकल्प है जो भावी पीढ़ी को आध्यात्मिक, सामाजिक एवं बौद्धिक स्तर पर पोषित करने के लिए कटिबद्ध है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक चेतना, और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को पुनः जाग्रत करना है। आज के युग में जहां आधुनिकता के प्रभाव से जीवनशैली में गिरावट आई है, वहाँ संस्कार शाला जैसे कार्यक्रम मृतप्राय हो चुके नैतिक मूल्यों के लिए संजीवनी की तरह कार्य कर रहे हैं। संस्कार शाला में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए साध्वी सत्याभारती ने कहा कि प्रत्येक बालक की एक स्वाभाविक प्रतिभा होती है और उस प्रतिभा को अनदेखा करके बालक को किसी और क्षेत्र में प्रवृत्त करना ही माता पिता की सबसे बड़ी भूल है।

## खबर संक्षेप



### किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले में कृतिका छाई

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल की छात्रा कृतिका डांस प्रतियोगिता किसमें कितना है दम के ग्रैंड फिनाले में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। थंबड़ की रहने वाली कृतिका के माता-पिता ने बताया कि स्पर्धा का पहला राउंड स्कूल में हुआ था। तीसरा और चौथा राउंड अंबाला शहर के डीएवी स्कूल में संपन्न हुआ।

### मंदिर का गेट चुराने का आरोपित दबोचा

**बराड़ा।** वर्ष 2022 में मंदिर का गेट चुराने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ ही गया। पुलिस ने आरोपी गुरविंद्र सिंह उर्फ बोबी को गिरफ्तार किया है। चौकी इंचार्ज विश्व बंधु ने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरी की एफआईआर दर्ज की गई थी। उस पर मंदिर का गेट चोरी करने का आरोप था। इस मामले में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। पुलिस इस आरोपी की तलाश भी काफी समय से कर रही थी।

### जागरूकता शिविर आयोजित

**बराड़ा।** स्वास्थ्य सामुदायिक केंद्र में सोमवार को बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एएसएमओ डॉ. बीरबल सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया जिसमें आशा कार्यकर्ता, एएनएम तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में डॉ. बीरबल सिंह ने 'बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006' के कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में लड़कों की वैवाहिक आयु 21 वर्ष और लड़कियों की 18 वर्ष निर्धारित की गई है।

# सदन में गूंजा पानी निकासी व सफाई का मुद्दा, सदस्य बोले-हो ठोस कार्रवाई

## हर सदस्य से विकास के लिए मांगी गई सूची, अध्यक्ष बोले हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

- बैठक में नपा के सभी 16 सदस्यों के साथ सचिव राजेश कुमार, अभियंता प्रीतपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह स्टाफ के साथ मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**बराड़ा।** बैठक में शामिल नपा सदस्य। फोटो : हरिभूमि

गंदे पानी की निकासी और सफाई का मुद्दा सोमवार को नगरपालिका के सदन में खूब गूंजा। दोनों मुद्दों पर ज्यादातर नपा सदस्यों ने ठोस कार्रवाई की मांग की। नपा अध्यक्ष रजत मलिक की अध्यक्षता में पूरे सदन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान ज्यादातर नपा सदस्यों ने सदन में सफाई व पानी निकासी के मुद्दे पर अपनी आवाज उठाई। इस पर अध्यक्ष रजत मलिक ने दो टूक शब्दों में कहा कि हमारा संकल्प निरंतर और समग्र विकास है। हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए नगर पालिका पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। इस बैठक में नपा के सभी 16 सदस्यों के साथ सचिव राजेश कुमार, अभियंता प्रीतपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह पूरे स्टाफ के साथ मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष ने सभी वार्ड सदस्यों उनके इलाकों में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की सूची प्राप्त की ताकि योजनाओं को प्राथमिकता देकर क्रियान्वित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य कस्बे को एक आदर्श नगर बनाना है। ताकि नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और प्रभावी रूप से मिलें।

### जलभराव पर होगा विशेष फोकस

बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए बैठक में जलभराव की समस्या को लेकर गहन चर्चा हुई। मलिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरवासियों को बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जो जलभराव के स्थायी समाधान की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। उन्होंने जानकारी दी कि बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र के सभी जोहड़ों व नालों की सफाई पूर्ण रूप से करवाई जा चुकी है। साथ ही नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है जिस पर आने वाली सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है।

### वित्तीय निगरानी कमेटी का हुआ गठन

विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु वित्तीय विकास कार्य निगरानी समिति में तीन नए सदस्यों को शामिल किया गया है। इनमें वार्ड नंबर 3 से दिव्या कपूर, वार्ड नंबर 9 से नरिंदर कौर और वार्ड नंबर 13 से साहिल शवी चावला को मनोनीत किया गया है। इस दौरान पवन कुमार, अमित मक्कड़, प्रवेश मेंहदीरत्ता, अर्चना देवी, शमशेर सिंह, राजकली, हरभजन सिंह, दिग्विजय सिंह, विजय सिंह, दीपा सैनी, संदीप कुमार, विजय छाबड़ा, गुरजिंदर सिंह समेत सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## पंचायती दुकानों से कब्जा नहीं हटाए जाने पर दी थी धमकी

# आत्मदाह की धमकी देने वाली माजरा गांव की सरपंच सस्पेंड

*अब पंचायत की किसी भी गतिविधि में हिस्सेदारी न करने के भी आदेश दिए*

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट का आरोप, सरपंच ने न जमीन चिह्नित की न ही कब्जाधारियों को कार्रवाई से पहले कोई नोटिस दिया गया, इसी वजह से जांच टीम नहीं कर पाई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




**अंबाला।** माजरा की निलंबित सरपंच की ओर से आत्मदाह करने को लेकर जारी किया पोस्टर।

पंचायती दुकानें खाली न होने पर प्रशासन को आत्मदाह की धमकी देने वाली माजरा की सरपंच नेहा शर्मा को डीसी अजय सिंह तोमर ने सस्पेंड कर दिया है। डीसी ने सरपंच के खिलाफ हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 51(1)(बी) के तहत यह कार्रवाई की है। उन्हें अब पंचायत की किसी भी गतिविधि में हिस्सेदारी न करने के भी आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उसे यह भी आदेश दिया है कि उसके पास ग्राम पंचायत की जो भी चल-अचल संपति या रिकार्ड हो तो वह तुरंत बहुमत रखने वाले पंच को सौंप दें। डीसी ने कार्रवाई के बाद निलंबित सरपंच के विरूद्ध उपमंडल अधिकारी को नियमित जांच करने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने सरपंच को दस दिन के भीतर अपने बात लिखित में रखने का समय भी दिया है। दरअसल उपायुक्त को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शहजादपुर ने 27 जून 2025 एक रिपोर्ट भेजी थी। उस रिपोर्ट में यह बताया गया था कि सरपंच नेहा शर्मा ने उनके कार्यालय में शपथ पत्र देकर कहा कि यदि प्रशासन के द्वारा 2 जुलाई तक पंचायती दुकानें खाली नहीं करवाई गई तो वह 11 बजे त्रिवेणी चौक में आत्मदाह कर लेगी। 24 जूलन को गांव माजरा में कब्जा हटाने हेतू उपमण्डल अधिकारी ने पशुपालन विभाग के उपमंडल अधिकारी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया था। उन्हें पुलिस के साथ कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे। खंड कार्यालय की ओर से समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी व खंड पटवारी मौके पर उपस्थित रहे।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने 25 जून 2025 को उपमंडलाधीश को सूचित किया है कि जिन दुकानों से कब्जा हटाया जाना था उसकी चिह्नित जगह सरपंच द्वारा नहीं दिखाई गई। न ही उनके मालिकों की कोई सूची प्रदान की गई। उपायुक्त ने अपने आदेश में कहा कि सरपंच नेहा शर्मा द्वारा दिए गए शपथ-पत्र, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व उपमंडल अधिकारी की रिपोर्ट का भली-प्रकार से उन्होंने निरीक्षण किया। निजी रूप से भी सुन लिया है। रिकार्ड का निरीक्षण करने और उसे निजी रूप से सुनने उपरांत यह बात सामने आई कि सरपंच एक संवैधानिक पद है। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 197 में किए गए प्रावधान अनुसार सरपंच का पद लोक सेवक का पद है। सरपंच द्वारा संवैधानिक पद पर रहते हुए इस प्रकार का शपथ-पत्र देकर धमकी देना नियमों के विरूद्ध है। जो उसके गंभीर कदाचार को व्यक्त करता है। सरपंच नेहा शर्मा ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से मामले का समाधान न करके प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश की है। इसकी वजह से उसने अपने आपको अनुशासनिक कार्रवाई का दायी बना लिया है। डीसी ने कहा कि इसी वजह से अब सरपंच नेहा शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है।

### धमकी की बजाय नियमानुसार कार्रवाई करतीं

इसके अतिरिक्त कब्जाधारियों को सरपंच की ओर से कोई नोटिस दिए जाने की भी जानकारी नहीं दी गई। इसी वजह से वे कर्रवाई नहीं कर पाए। रिपोर्ट में यह भी बताया कि हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 की धारा 18 के तहत ग्राम पंचायत की चल-अचल संपति की संरक्षक सरपंच है। इसी अधिनियम की धारा 24(1) के तहत किसी रास्ते आदि पर कब्जा हटवाने की जिम्मेवारी ग्राम पंचायत की है। सरपंच द्वारा न ही प्रस्ताव के माध्यम से नाजायज कब्जों को हटवाने के लिए पुलिस सहायता मांगी गई न ही कब्जे को हटवाने के लिए कोई तिथि निश्चित की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि सरपंच का कर्तव्य बनता था कि वह इस प्रकार की धमकी देने की बजाय नियमानुसार कार्रवाई करती। मगर उन्होंने ऐसा नहीं किया।



**अंबाला।** गोशाला में गो सेवा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# रोटरी क्लब ने गोसेवा कर नए सत्र का किया शुभारंभ

- हरपाल सिंह बने क्लब के नए प्रधान, सेवा कार्यों का रखा खाका

**बराड़ा।** रोटरी क्लब ने अपने नवीन सत्र 2025-26 की शुरुआत सेवा कार्यों के साथ की। नव-नियुक्त प्रधान हरपाल सिंह के नेतृत्व में क्लब ने मंगलवार को अन्नपूर्णा दिवस मनाते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया। क्लब के सदस्यों ने सबसे पहले श्री गोविंद गौशाला पहुंचकर गौमाताओं को चारा खिलाया और गौसेवा के साथ सत्र की शुरुआत की। इसके उपरांत क्लब टीम ने निआश्रय दे आश्रय आश्रम में जाकर वहां निवास कर रहे लगभग 200 ज़रूरतमंद लोगों को भोजन करवाया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने सेवा भाव को जीवन का मूल मंत्र बताते हुए समाज सेवा को ही क्लब की प्राथमिकता बताया। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब में हर वर्ष 1 जुलाई को नए प्रधान का चुनाव किया जाता है। इस वर्ष हरपाल सिंह को क्लब का नया प्रधान नियुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि क्लब बीते छह वर्षों से समाज हित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है उनके कार्यकाल में क्लब द्वारा रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, डेंटल और मेमोग्राफी कैंप, पौधारोपण, नेशन बिल्डर अवार्ड, ज्ञान सम्मान समारोह, सेनिटरी नेपकिन वितरण, तथा जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी और स्वेटर वितरण जैसे अनेक सामाजिक कार्य किए गए। इस कार्यक्रम में हरपाल सिंह, दिलप्रीत सिंह, राजेश धीमान, बलकार सिंह, निवेदिता भारद्वाज, पूर्ण छाबड़ा, शाहिल वर्मा और चिरंजीव सिंह सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# महिलाओं को स्तन गांठ व उच्च रक्तचाप को लेकर दी गई अहम जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



कार्यशाला के दौरान मौजूद महिलाएं व चिकित्सक।

अंबाला शहर भारत विकास परिषद नगर शाखा की ओर से अग्रसैन चौक पर परिषद भवन मे प्रधान नरेश मित्तल की अध्यक्षता मे और डॉ. अंजलि भारती और मीनाक्षी शर्मा के संयोजन में स्तन गांठ,उच्च रक्तचाप और वायरस के प्रसार को रोकने विषय पर विशेषज्ञों की राय संबंधी एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आईएमए से विभिन्न डॉक्टर की टीम ने उपस्थित महिलाओं से महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की। डॉ. सुरभि बंसल द्वारा''स्तन गांठ के बारे में जागरूकता, कब चिंता करें स्वयं परीक्षण'' विषय पर अपनी राय दी। इसके बाद डॉ निधि जैन द्वारा उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता बढ़ानाः एक खामोश हत्यारा'' इस विषय पर अपनी बात रखी। डॉ वाणी अग्रवाल द्वारा रसोई से लेकर क्वारंटीन तक घरेलू तरीके वायरस के प्रसार को कैसे रोकते हैं को लेकर उपयोगी जानकारी सभी से शेयर की। इस प्रोजेक्ट की संयोजक मीनाक्षी शर्मा और डॉ. अंजलि भारती ने बताया कि परिषद समय समय पर स्वास्थ्य जांच से संबंधित कैंप का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी मे मंगलवार को महिलाओं को शिक्षित करने के लिये इस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# नशा न करने के लिए शिक्षकों को दिलवाई गई शपथ

- राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से गर्वनमेंट पॉलीटेक्निकल कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** नशे के खिलाफ शपथ लेते शिक्षक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के समूल नाश को लेकर गर्वनमेंट पॉलीटेक्निक कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन किया गया। ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के दौरान युवाओं व छात्रों को नूण लोटा संकल्प, बकेट चैलेंज स्वीकार करना, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ साइकिल यात्रा निकाल कर भी जागरुक किया जा रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी सब इंस्पेक्टर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशे की रोकथाम को लेकर जन आंदोलन चलाया जा रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा नशे की रोकथाम के लिए हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशा का कारोबार करने वाले की खिलाफ सूचना दे सकता है। इसके अलावा एनसीबी मानस पोर्टल पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई गई। संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सपरा ने कहा कि डॉ अशोक कुमार वर्मा को उत्कृष्ट सेवाओ के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जा चुका है। वे अपने जीवन में 176 बार रक्तदान किया है और 85 से ज़्यादा बार प्लेटलेट्स दान कर चुके हैं।

सपरा ने इस अवसर पर मुख्य वक्ता को स्मृति चिह्न व पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के उप प्रधानाचार्य डॉ. आदिश बिंदल , विभागाध्यक्ष रविंद्र सांई, इंद्रजीत ढींडसा , वीरेंद्र गुप्ता , सुनीता रानी , पूनम सैनी , सुनील राय व संस्थान से स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

**कार्यक्रम** ग्रामीणों ने डीसी के सामने व्यक्तिगत समस्याएं भी रखी, हर समस्या के समाधान का आश्वासन

*रात्रि ठहराव में युवाओं ने डीसी को दी शिकायत*

# युवा बोले-खंडहर खेल स्टेडियम हो रिपेयर, खेल गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पा रहे खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** खड़्डा में रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों की शिकायतें सुनते डीसी अजय सिंह तोमर।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को खुड्डा कलां गांव के सामुदायिक भवन में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्रवाई के लिए कई शिकायतें विभागीय अधिकारियों को भेजी हैं। इस मौके पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एसडीएम विनेश कुमार, आरटीए सुशील कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएसपी रमेश कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, बीडीपीओ किन्नी गुप्ता मौजूद रही। इससे पहले यहां पहुंचने पर गांव की सरपंच सरला देवी व पूर्व सरपंच बृजपाल राणा व अन्य ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ व पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका स्वागत किया। सरपंच सरला देवी ने डीसी को गांव में हुए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम गांव की ममता व वीना कुमारी ने सरकारी योजना के तहत घर बनवाने , विनोद कुमार ने खेतों में पानी की निकासी करवाने, युवाओं ने गांव में स्थित स्टेडियम की रिपेयर करवाने के साथ-साथ वहां की साफ-सफाई व्यवस्था करवाने का आग्रह किया। इसके अलावा राजबाला ने राशन कार्ड कटने व घर की छत गिरने, ग्रामीणों ने गांव में चौकीदार लगवाने , रमेश कुमार ने चौक के नजदीक स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने , विरमा देवी व काका राम ने डॉ. भीमराव अंबेड़कर आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध करवाने की शिकायत दी। गांव के ही रणबीर सिंह ने पक्का मकान बनवाने , मुनादी लाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने का आग्रह किया। इसके साथ ही आसपास के गांवों से आए लोगों ने भी डीसी को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। उपायुक्त ने कुछ प्रार्थियों द्वारा घर बनाने बारे व छत ठीक करवाने बारे अपनी समस्या रखी है। उन्होंने बताया कि इसको लेकर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे उपरांत औपचारिकताएं पूरी करवाकर लोगों को मकान की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उपायुक्त ने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने बिजली निगम व आयुष विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल का अवलोकन भी किया। इस मौके पर डीसी ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक माह रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों के घर-द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए। रात्रि ठहराव के दौरान विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहते हैं। उन्हें मौके पर ही शिकायत मार्क करते हुए उसका निपटान करने बारे निर्देश दिए जाते हैं। इस मौके पर डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, परिवहन विभाग से टीएम पुनीत नांदल, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शशिकांत शर्मा, उप निदेशक कृषि विभाग डॉ. जसविंद्र सिंह, कार्यकारी अभियंता नवनीत श्योराण भी मौजूद रहे।

### नशे के दुष्प्रभाव के बारे जानकारी दी

इस मौके पर एनडीपीसी सेल की ओर से आए एएसआई रणदीप सिंह ने नशे के दुष्प्रभाव बारे महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस द्वारा नशे की रोकथाम के लिए निरंतरता में कार्य किए जा रहे हैं। वर्ष 2024 में 116 एफआईआर दर्ज करते हुए 187 नशा तस्करें को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया गया है। इसी प्रकार वर्ष 2025 में अभी तक 45 एफआईआर दर्ज करते हुए 69 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा चुका है।



**अंबाला।** सिविल अस्पताल में लोगों को भोजन उपलब्ध करवाते रोटेरियन।

# रोटरी अंबाला डायमंड ने लोगों को खाना खिलाकर की नए रोटरी वर्ष की शुरुआत

**अंबाला।** रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने प्रधान राजीव मल्होत्रा की अध्यक्षता में अंबाला शहर के सिविल अस्पताल मे मरीजों को खाना खिलाकर नये रोटरी वर्ष की शुरुआत की गई। सचिव राजन गुप्ता ने बताया कि रोटरी दिवस 1 जुलाई प्रभावशाली पहल और समाज सेवाओं से भरे एक नए साल की शुरुआत का प्रतीक है। इस नए सत्र की शुरुआत शहर के सिविल अस्पताल में मरीजों को खाना खिलाकर की। उन्होंने बताया कि सीए डे और डॉक्टर डे के उपलक्ष्य मे शहर के प्रख्यात चार्टर अकाउंटेंट्स और डॉक्टर्स को सम्मानित भी किया जाएगा। क्लब के कैशियर डॉ. अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि क्लब इस वर्ष मुख्य रुप से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सामाजिक कार्यों पर जोर रहेगा। क्लब की महिलाओं के मेमोग्राफी टेस्ट कैंप भी पिछले वर्ष की भांति लगवाता रहेगा। रोटेरियन देव शर्मा ने इस अवसर पर रोटरी द्वारा किए जा रहे विभिन्न समाज सेवा के कार्यों के बारे मे सभी को अवगत कराया।